## एक नजर में

### नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल

**राजगढ़ 02 मई, का.** आगामी 03 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा शनिवार को प्रातः 9 बजे पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में मॉक ड्रिल आयोजित की गई. मॉक ड्रिल के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपस्थित अधिकारियों एवं पुलिस बल को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए केंद्र पर टेंट, कूलर एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र के भीतर किसी भी प्रकार की वर्जित सामग्री प्रवेश न करे, इसके लिए प्रवेश द्वार पर सघन जांच अनिवार्य रूप से की जाए. उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्न पत्रों के स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्र तक परिवहन के दौरान पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. इस दौरान वाहन बख्तरबंद रहे तथा पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हो. किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने सभी सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि वे पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं तथा परीक्षार्थियों को अनावश्यक परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे तथा इसकी सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।मॉक ड्रिल के माध्यम से परीक्षा दिवस की व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास कर सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया गया, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके.

### खिलचीपुर में जनगणना कार्य का निरीक्षण

**खिलचीपुर 02 मई, सं.** शनिवार को नगरीय क्षेत्र खिलचीपुर में चल रहे जनगणना कार्य का चार्ज अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ देवनारायण दांगी द्वारा निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 3 के गणना ब्लॉक क्रमांक 6 एवं 7 में पहुंचकर प्रगणक चेन सिंह तोमर एवं शिवनारायण मालवीय द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्यों का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना कार्य को व्यवस्थित ढंग से एवं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए. उन्होंने प्रगणकों को घर-घर जाकर सही एवं प्रमाणिक जानकारी संकलित करने पर विशेष जोर दिया. ताकि शासन को क्षेत्र की वास्तविक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकड़ा प्राप्त हो सके. नगर क्षेत्र में जनगणना का कार्य सतत रूप से जारी है. प्रगणक दल द्वारा प्रत्येक घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों की संख्या, मकान की प्रकृति (कच्चा या पक्का), मकान की स्थिति, भोजन बनाने के लिए एलपीजी गैस की उपलब्धता, शौचालय सुविधा, मकान में कमरों की संख्या तथा परिवार के पास उपलब्ध वाहनों सहित विभिन्न आवश्यक जानकारियां एकत्रित की जा रही हैं. एकत्रित जानकारी को तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है. चार्ज अधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करते हुए सही जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके.

# एक बार फिर मई का आगाज आंधी, बारिश से

## 2023, 2024, 2025 के बाद लगातार 2026 में मई की शुरुआत में मौसम प्री मानूसन की तरह हुआ

### जिले के कई स्थानों पर आंधी के साथ हुई बारिश
### शादी के टेंट, घरों के चद्दर उड़े, एकाएक बदला मौसम का मिजाज

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 मई, का. भीषण गर्मी वाले मई माह के शुरु होते ही शनिवार को एकाएक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते जिले के कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश होने लगी. तेज अंधड़ ने काफी नुकसान पहुंचाया. घरों के चद्दर, शादी के टेंट, खेतो में रखा भूसा व अन्य सामान ताश के पत्तो की तरह उड़ गया.**

शनिवार को दोपहर 2 बजे के बाद एकाएक मौसम ने करवट ली और घने बादल छाने लगे और देखते ही देखते जिले के कई स्थानों पर तेज आंधी का दौर शुरु हो गया. आंधी के साथ ही बारिश भी होने लगी. कहीं पर तेज तो कहीं मध्यम बारिश हुई.

### प्री मानसून की तरह हो रही मई की शुरुआत



बीते 4 वर्षों से ग्रीष्म ऋतु में अप्रत्याशित तरीके से मई की शुरूआत देखी जा रही है. मई जहां अप्रैल की समाप्ति के बाद तपिश को बढ़ाता है वहीं बीते वर्षों में इसकी शुरूआत ही मंद रही है. वर्ष 2023 में 1 मई को जिले में बारिश और आंधी चली वहीं 2024 में भी यही स्थिति रही. वर्ष 2025 में 3 मई को भारी आंधी और बारिश से मौसम अचानक बदल गया वहीं इस बार 2 मई को मौसम ने जिले भर में करवट ली. 2024 में 1 मई अप्रत्याशित तरीके से मौसम में ठण्डक घुल गई है. शनिवार दोपहर बाद जिले में लू से राहत मिली और मौसम ठण्डा बना रहा.

### मोबाइल, इनवर्टर हुए डिस्चार्च

लम्बे समय तक शहर की बिजली सप्लाई ठप्प होने के कारण मोबाईल, इनवेटर डिस्चार्ज हो गये. बिजली आधारित व्यवसाय भी इससे काफी प्रभावित रहा. शादी ब्याह समारोह के चलते भी बिजली नहीं होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा.

### जिला मुख्यालय पर 40 मिनिट पानी गिरा

तेज आंधी के बीच राजगढ़ में करीब 40 मिनिट तक बारिश हुई. इससे भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिल सकी. हालांकि बारिश थमने के बाद फिर से गर्मी का प्रकोप शुरु हो गया. लखनवास सहित आसपास क्षेत्र में तेज आंधी चली. आंधी के कारण कुछ स्थानों पर शादी समारोह के लिए लगाए गये टेंट, पर्दे उड़कर अस्त-व्यस्त हो गये. आंधी कितनी तेज थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुर्सियां उड़कर दूर जा पहुंची. ग्राम छोटा लोधीपुरा में एक घर के लोहे के चद्दर आंधी में ताश के पत्तों की तरह उड़कर दूर जा गिरे. सौभाग्य से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है. कई खेतो में रखा भूसा तेज आंधी उड़ा ले गई. खेतो में लगे भूसे के ढेर एक पल हवा उड़ा ले गई. इसी प्रकार खेतों एवं छतों पर रखा हल्का सामान भी आंधी ले उड़ी. तेज आंधी के कारण मुल्तानपुरा स्थित 132 विद्युत सब स्टेशन के यहां 33 के.व्ही. लाइन पर एक पेड़ की भारी डाली आ गिरी तथा सिटी फीडर पर भी फाल्ट होने के चलते दोपहर करीब 2.17 बजे समूचे शहर की बिजली सप्लाई ठप्प हो गई. विभाग की टीम द्वारा फाल्ट की मरम्मत करने के बाद आखिरकार शाम लगभग 5.16 बजे बिजली सप्लाई शुरु हो सकी.





# ब्यावरा, पचोर और सारंगपुर के इंजीनियरों को नोटिस

## कलेक्टर ने ली नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 मई, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले की समस्त नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में नगरीय प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.**

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि सभी नगरीय निकायों एवं नगर परिषदों में कर्मचारियों का वेतन केवल उनकी सार्थक उपस्थिति के आधार पर ही किया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में प्रगति संतोषजनक न होने पर ब्यावरा, पचोर एवं सारंगपुर के संबंधित सब इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. बैठक में पीओ डूडा श्री साहू सहित जिले के सभी नगरी निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे.

उन्होंने विशेष रूप से नगरीय निकाय राजगढ़ एवं ब्यावरा में इस व्यवस्था का पालन न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को पिछले दो माह के वेतन बिल सहित संपूर्ण फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. स्वच्छता सर्वेक्षण की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी नगरीय निकाय निर्धारित सभी पैरामीटर पर गंभीरता से कार्य करें. पिछले वर्ष जिन बिंदुओं पर कम अंक प्राप्त हुए थे, उनमें तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए गए. उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के कुएं एवं बावड़ियों की नियमित साफ-सफाई एवं रंगाई-पुताई सुनिश्चित करे. साथ ही ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए सभी नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था सुचारु एवं सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि कहीं भी पानी की समस्या उत्पन्न न हो. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की निकायवार समीक्षा भी की गई.



# जैतपुरा कला स्कूल में नि :शुल्क साइकिल वितरण का आयोजन हुआ

**खिलचीपुर 02 मई, सं.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरा कला में शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया. आयोजित मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती तुलसी बाई दांगी उपस्थित रहीं. उन्होंने संकुल अंतर्गत आने वाले नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच श्रीमती दांगी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी है. इससे दूरस्थ गांवों से आने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय पहुंचने में सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा.

संस्था प्राचार्य राधेश्याम चौहान ने बताया कि वरिष्ठ कार्यालय से विद्यालय को कुल 54 साइकिल प्राप्त हुई थीं. जिन्हें पात्रता अनुसार विद्यार्थियों में बांटा गया.उन्होंने बताया कि शासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना तथा विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाना है.रिष्ठ शिक्षक बद्रीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नि:शुल्क साइकिल योजना विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रही है.

# विवाह सम्मेलन में 24 जोड़ों का परिणय

## दांगी समाज का विवाह सम्मेलन सम्पन्न



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 02 मई, सं. समीपस्थ ग्राम सेदरा रोड स्थित दांगी समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन शुक्रवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ. इस आयोजन में कुल 24 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे. कार्यक्रम का आयोजन सेदरा में किया गया, जहां सुबह से ही समाजजन एवं अतिथियों का आगमन प्रारंभ हो गया था.**

पश्चात वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह की रस्में संपन्न कराई गईं. दोपहर में जोड़े विधिवत विवाह सूत्र में बंधे. भीषण गर्मी के बावजूद दिनभर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला. सम्मेलन में मध्यप्रदेश एवं राजस्थान से आए जोड़ों ने भाग लिया. आयोजन स्थल पर दिनभर गन्ने का रस, चाय, छाछ सहित भोजन एवं नाश्ते की समुचित व्यवस्था की गई थी. इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों एवं अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया गया. उपस्थित अतिथियों एवं समाजजनों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया. सम्मेलन की सभी व्यवस्थाएं दिनभर सुचारू रूप से संचालित होती रहीं, जिससे आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.

### थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने किया पदभार ग्रहण

**सारंगपुर 02 मई, सं.** लगभग दो वर्षों से अधिक समय से रही थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा का शनिवार देर रात्रि को स्थानांतरण हो गये और नवनियुक्त थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने शनिवार को थाना प्रभारी का चार्ज लेते ही पत्रकारों से चर्चा कर बताएं कि अपराधों पर पहली नजर रखी जाएगी. शहर में अमन चैन का वातावरण बना रहे और अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जाएगा.



# सौंधिया राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 02 मई, सं.** अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के तत्वावधान में ब्लॉक जीरापुर अंतर्गत सामाजिक परिसर गांव दोबड़ा, हाँसलबे, झीरी में भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया. सम्मेलन की शुरुआत झंडा वंदन करके की गई. इस अवसर पर समाज मार्गदर्शक मंडल के उदयसिंह चौहान, रामनारायण चौहान, राष्ट्रीय महासचिव प्रताप सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जनपद अध्यक्ष कालूसिंह तोमर, उपाध्यक्ष कमल सिंह पवांर, युवा जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह तोमर, उपाध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, पर्यावरण प्रमुख चंदर सिंह पवांर, मिडिया प्रभारी कुमेरसिह पवांर सहित समाज के वरिष्ठ जन ने किया. सम्मेलन में 78 जोड़ों को विधि-विधान से परिणय बेला में बांधा. सम्मेलन की सुव्यवस्थित एवं आदर्श व्यवस्था को लेकर पूर्व से जीरापुर ब्लॉक दोबड़ा, हाँसलबे, झीरी एवं आसपास के गांवों के कार्यकर्ताओं ने भरपूर सहयोग प्रदान किया.

इस आयोजन में विभिन्न समितियों—रसीद एवं पंजीयन, क्रय, मैदान साफ-सफाई, साज-सज्जा, मंच संचालन, टेंट-लाइट-साउंड व्यवस्था, जल व्यवस्था, भोजन निर्माण एवं परोस, पाणिग्रहण संस्कार, सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था, सूचना एवं संपर्क, स्वागत समिति सहित ग्राम समितियों का गठन किया था जिनके द्वारा पूर्व से लेकर सम्मेलन संपन्न तक अपनी अपनी जिम्मेदारी से कार्य को अंजाम दिया जिससे समस्त व्यवस्थाएं बेहरतीन रही. इस अवसर पर महासचिव कनिराम पवांर, रमेशचंद्र पवांर बरखेड़ी, ईश्वरसिंह परमार मेलूखेड़ा, नारायणसिंह तोमर तमोलिया, गंगाराम परमार, युवा नारायण सिंह तोमर, हिंदूसिंह परमार, दोबड़ा विक्रम सिंह, बीरमसिंह पँवार, जसवंत सिंह पँवार, अर्जुनसिंह, कुमेरसिह परिहार, रघुवीर सौलंकी, अर्जुनसिंह पेंटर, रामेश्वर, राकेशसिंह परमार सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे.

# फूलमाली समाज का 24वां सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 02 मई, सं. गुरुवार को फूलमाली समाज खिलचीपुर का 24वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 37 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. मिडिया प्रभारी महेश मालाकार ने बताया कि बस स्टैंड खांडी बावड़ी मार्ग पर स्थित खेत में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया.**



जिसमें गणेश पूजन एवं झंडा वंदन कर सम्मेलन की नींव रखी गई. तत्पश्चात समिति के लोगों द्वारा ढोल ढमाकों के साथ माता पूजन के लिए सम्मेलन स्थल से मंड वाली शीतला माता मंदिर पहुंचे जहां विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सम्मेलन स्थल पहुंचे. जहां पंडित नीरज शर्मा द्वारा भगवान सत्यनारायण की कथा श्रोताओं को सुनाई गई. इस दौरान सम्मेलन अध्यक्ष शानु मालाकार सहित समिति के पदाधिकारियों द्वारा विधायक हजारीलाल दांगी एवं खिलचीपुर, राजगढ़, करेडी, सारंगपुर, जीरापुर, सुसनेर, माचलपुर, बांगपुरा, ब्यावरा, मलावर, चाचौड़ा, गागोरनी, करनपुरा, आदि शहरों के समाज के वरिष्ठ समाज बंधुओं का मंच सम्मान किया गया. उसके बाद मधुर बैला में वर पक्ष के द्वारा तोरणद्वार को कटार से मारकर वैदी पर वर वधूओं को बैठाया गया तत्पश्चात पंडित द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सात फेरे करवाकर एक दूजे का हाथ थामा.

# रबी विपणन वर्ष 26-27 के तहत गेहूं खरीदी सुचारू

## अब तक 1.64 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 02 मई, का. जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में पंजीकृत किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है. जिले में कुल 108 खरीदी केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां किसानों से व्यवस्थित तरीके से उपार्जन किया जा रहा है.**

वर्तमान स्थिति के अनुसार जिले के 42,256 किसानों से अब तक 1,64,957 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. उपार्जित गेहूं का लगभग 94.37 प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है, जबकि 97.19 प्रतिशत के लिए स्वीकृति पत्रक जारी किए जा चुके हैं.

जिला प्रशासन द्वारा असामयिक वर्षा की संभावना को देखते हुए खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं. केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदे गए गेहूं को तिरपाल एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से सुरक्षित रखा जाए. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब तक किसी भी खरीदी केंद्र से गेहूं खराब होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है.

खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है. किसानों से अपील की गई है कि स्लॉट प्राप्त होने पर ही संबंधित समिति प्रबंधक से संपर्क कर अपनी बारी में उपज लेकर केंद्र पर पहुंचे, जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके और व्यवस्था सुगम बनी रहे.

**चेतावनी** — समान जमीन समान दाम के नारे के साथ डैम प्रभावित किसानों ने भरी हुंकार

# डैम प्रभावित किसानों ने भरी हुंकार, आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 02 मई, सं. समीपस्थ ग्राम गुर्जर खेड़ी में डैम प्रभावित किसानों की किसान महापंचायत रखी गई जिसमें मध्य प्रदेश कैबिनेट द्वारा 22 अप्रैल 2026 को डैम प्रभावित किसानों का मुआवजा चार गुणा करने के निर्णय का स्वागत किया गया परंतु रनिंग में चल रही सुठालिया सिंचाई परियोजना जिसमें लगभग 70 प्रतिशत मुआवजा दो गुने रेट से भुगतान कर दिया गया उसके लिए स्पष्ट निर्देश जारी नहीं करने का किसानों ने कड़ा विरोध किया है**



किसानों का कहना है कि जब एक ही परियोजना के लिए जमीन ली जा रही है तो मुआवजे के लिए दो अलग-अलग मानक क्यों कुछ को दोगुना और कुछ को चार गुना दर से भुगतान करना न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की सरकार द्वारा चार गुना मुआवजा देने का आदेश जारी नहीं किया गया तो इस परियोजना से प्रभावित चारों जिले गुना राजगढ़, भोपाल और सीहोर के 65 गांवों के किसान उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे.

किसान महापंचायत मैं उपस्थित बीकेयूएम के जिला अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान ने कहा की हम विकास के विरोधी नहीं हैं लेकिन विकास की वेदी पर किसानों की बलि स्वीकार नहीं है जब डूब क्षेत्र एक है संकट एक है तो मुआवजा भी एक समान होना चाहिए संविधान में हमें समानता का अधिकार दिया है और इसे हम लेकर रहेंगे आज की बैठक में गुर्जर खेड़ी रघुनाथपुरा और कादीखेड़ा गांव के किसान उपस्थित रहे.

**भारतीय स्टेट बैंक** शाखा होम लोन सेन्टर-2 (सार्क विंग) | एचएलसी-2, भूतल, चिनार इनक्यूब, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के सामने, भोपाल (म.प्र.) फोन नं. 0755-2983018

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) [13(4)]**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन के प्रतिभूति-हित का प्रर्वतन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13 (2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम (3) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित ऋणी एवं जमानतदारों को मांग सूचना निम्नलिखित दिनांक के अनुसार जारी किया। इस नोटिस की पावती की दिनांक से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने केलिये कहा गया था।
ऋणी/जमानतदारों द्वारा उक्त राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी/जमानतदारों को और आम जनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम (8) के अधीन, निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित सम्पति को उनके सामने दर्शाये गये दिनांक को कब्जे में लिया है। ऋणी/जमानतदारों को विशेष रूप से आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस सम्पत्ति बाबत् कोई व्यवहार नहीं करें और इस सम्पत्ति के बाबत् किए गये कोई भी व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, शाखा एचएलसी-2, होशंगाबाद रोड, भोपाल** को देय ब्याज एवं खर्चो के अध्यधीन प्रभार (Charge) होगा। इस बावत, ऋणी/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसम्पत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (Redeem करने) के संबंध में अधिनियम की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| बकायादार का नाम | 60 दिवस मांग सूचना दिनांक | नोटिस राशि राशि रू. | बंधक सम्पत्ति का विवरण एवं भवन/प्लॉट की सीमाएँ/स्थिति |
|---|---|---|---|
| **(1) श्री नीरज कुमार वर्मा पुत्र श्री श्री किशन, (2) श्रीमती राम कुमारी पत्नी श्री श्री किशन, (3) श्री श्री किशन पुत्र बाल देव प्रसाद** फ्लैट नंबर 111 प्रथम तल ब्लॉक नंबर 05, जीत होम्स, ग्राम-हताई खेड़ा, तहसील- हुजूर, भोपाल-462022, म.प्र | 30/01/2026 कब्जा दिनांक 29/04/2026 | 1) HL- 38900127321 Rs. 10,66,476.00 2) HL Top-up - 38900132488 Rs. 7,47,561.00 + देय ब्याज व अन्य खर्च | फ्लैट नंबर 111, पहली मंजिल, ब्लॉक नंबर 05, जीत होम्स, गांव- हटाई खेड़ा, तहसील-हुजूर, भोपाल- 462022, मध्य प्रदेश में स्थित आवासीय मकान।, क्षेत्रफल: 712 वर्गफिट, सीमाएँ: पूर्व दिशा – फ्लैट संख्या 112, पश्चिम दिशा – फ्लैट संख्या 110, उत्तर दिशा – खुला क्षेत्र, दक्षिण दिशा – फ्लैट संख्या 102, श्री नीरज कुमार वर्मा, पुत्र श्री किशन और श्रीमती राम कुमारी, पत्नी श्री किशन और श्री किशन पुत्र बाल देव प्रसाद के नाम पर। |

दिनांक : 02.05.2026 प्राधिकृत अधिकारी